भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

**राज्य सभा**

लिखित प्रश्न सं. 960#

मंगलवार, 27 जुलाई, 2021/05 श्रावण, 1943 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

पर्यटन स्थलों पर कोविड-19 का खतरा

960# श्री बृजलाल:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को यह जानकारी है कि हाल ही में कोरोनावायरस की दूसरी लहर के बाद पर्यटन स्थलों पर देश के तमाम राज्यों से जनता की आवाजाही बढ़ गयी जिससे कोरोना पॉजिटिव मामलों के बढ़ने की आशंका जाहिर की गई है;

(ख) क्या पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों की भीड, पर्यटन से जुड़े सभी संस्थान एवं व्यवसाय के लोग कोरोना से संबंधित प्रोटोकॉल का पालन करें, इसे सुनिश्चित करने के लिए कोई उचिव कदम उठाये जा रहें हैं; और

(ग) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क): पर्यटन मंत्रालय द्वारा यह आकलन करने के लिए कोई औपचारिक अध्ययन नहीं किया गया है कि देश के सभी राज्यों के लोगों की आवाजाही पर्यटन स्थलों पर बढ़ी है या नहीं, जिससे कोरोना वायरस की दूसरी लहर के बाद कोरोना पॉजिटिव मामलों में वृद्धि होने की आशंका बढ़ सकती है।

(ख) और (ग): पर्यटन मंत्रालय ने कोविड 19 महामारी के कारण उत्पन्न होने वाले स्वास्थ्य मुद्दों से संबंधित, परिचालन सिफारिशें (एसओपी) तैयार की है जो कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा यात्रा एवं आतिथ्य के विभिन्न क्षेत्रों जैसे होटल, रेस्टोरेंट, बी एंड बी और होम स्टे और यात्रा एजेंट, टूर ऑपरेटरों, पर्यटक गाइड आदि के संबंध में जारी दिशानिर्देशों पर आधारित है और यात्रा, व्यापर तथा आतिथ्य संगठन सहित सभी राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों के पर्यटन सचिवों के बीच परिचालित की हैं।

*******